## खास-खबरें

### विद्यार्थियों के आधार के अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट में विदिशा प्रदेश के शीर्ष पांच जिलों में शामिल

**विदिशा ( निप्र )।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता द्वारा विद्यार्थियों के आधार कार्ड में अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट (एमबीयू) सुनिश्चित करने के लिए संचालित विशेष अभियान से 'विद्यार्थी के लिए आधार, अब विद्यालय के द्वार' में जिले ने उल्लेखनीय उपलब्धि मिली है। अगस्त 2026 में जिले ने विद्यार्थियों के आधार के अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट के क्षेत्र में प्रदेश के शीर्ष पांच प्रदर्शन करने वाले जिलों में स्थान प्राप्त किया है। जिले के लिए यह उपलब्धि इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि जिले ने अप्रैल 2026 के बाद लगातार दूसरे माह बेहतर प्रदर्शन करते हुए अगस्त माह में पुन: प्रदेश के शीर्ष पांच जिलों में अपनी जगह बनाई है। अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन, विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को जागरूक करने तथा विद्यालय स्तर पर आधार अपडेट की सुविधा उपलब्ध कराने के प्रयासों से जिले की प्रगति को गति मिली है। 'विद्यार्थी के लिए आधार, अब विद्यालय के द्वार' अभियान का उद्देश्य ऐसे विद्यार्थियों के आधार में अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट कराना है, जिनकी आयु के अनुसार बायोमेट्रिक अपडेट आवश्यक हो गया है। अभियान के अंतर्गत विद्यार्थियों को आधार अपडेट के लिए अलग से परेशान न होना पड़े, इसके लिए विद्यालयों के माध्यम से प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। विदिशा जिले के इस बेहतर प्रदर्शन पर यूआईडीएआई के निदेशक सुमित मिश्रा ने कलेक्टर अंशुल गुप्ता को शुभकामनाएं देते हुए जिले द्वारा अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की।

### गौशालाओं को करोड़ों की राशि हुई जारी

**विदिशा ( निप्र )।** जिले के ग्यारसपुर विकासखंड में निराश्रित और बेसहारा गौवंश के भरण-पोषण व बेहतर देखभाल के लिए 15 शासकीय और 2 अशासकीय गौशालाओं को 4 करोड़ 58 लाख 55 हजार 568 रु. की राशि जारी की गई है। मुख्य उद्देश्य निराश्रित और बेसहारा गौवंश के भरण-पोषण तथा बेहतर देखभाल को सुनिश्चित करना है तथा गौवंश को चारा, भूसा और दाना उपलब्ध कराना, ताकि गौवंश को पर्याप्त आहार मिल सके। पानी, शेड और अन्य बुनियादी सुविधाओं का रखरखाव करना भी इसका मुख्यतम उद्देश्य है। उधर जिले के सिरोंज विकासखंड में निराश्रित और बेसहारा गौवंश के भरण-पोषण व बेहतर देखभाल के लिए शासकीय-अशासकीय 27 गौशालाओं को 8 करोड़ 29 लाख 75 हजार 730 रु. की राशि जारी की गई है।

### रात के सन्नाटे में घूमते दिखे नकाबपोश कॉलोनी में मंडराया चोरी का खतरा

**सीहोर** । शहर की पारस विहार फेस-2 कॉलोनी में देर रात कुछ नकाबपोश संदिग्ध लोगों के घूमने का मामला सामने आया है। कॉलोनी में लगे सीसीटीवी कैमरों में इन लोगों की गतिविधियां कैद हुई हैं। फुटेज में संदिग्ध कई गलियों से गुजरते और कुछ घरों के बाहर रुककर आसपास का जायजा लेते दिखाई दे रहे हैं। फुटेज सामने आने के बाद कॉलोनी के रहवासियों में चिंता बढ़ गई है। सीसीटीवी फुटेज में कुछ नकाबपोश लोग रात के समय कॉलोनी में घूमते दिखाई दे रहे हैं। वे अलग-अलग घरों के बाहर कुछ देर रुकते हैं और आसपास नजर डालते हुए आगे बढ़ जाते हैं। रहवासियों को आशंका है कि संदिग्ध किसी चोरी या अन्य वारदात के लिए इलाके की रेकी कर रहे हो सकते हैं। फिलहाल पुलिस ने यह पुष्टि नहीं की है कि ये लोग किसी वारदात को अंजाम देने की तैयारी में थे। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मामले की जांच कर रही है। घटना की जानकारी सामने आने के बाद कॉलोनी के लोगों ने रात की गश्त बढ़ाने की मांग की है। रहवासियों का कहना है कि देर रात संदिग्ध लोगों की आवाजाही को देखते हुए पुलिस की पेट्रोलिंग और निगरानी बढ़ाई जानी चाहिए, ताकि किसी भी घटना को समय रहते रोका जा सके। स्थानीय लोगों ने पुलिस से सीसीटीवी फुटेज के आधार पर संदिग्धों की पहचान करने और कॉलोनी में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है। कोतवाली थाना प्रभारी गिरीश दुबे ने बताया कि पुलिस की रात की गश्त लगातार जारी है। सामने आए सीसीटीवी फुटेज के आधार पर संदिग्ध लोगों की गतिविधियों की जांच की जा रही है। मामले में जरूरी कदम उठाए जाएंगे।

### फूलखेड़ी हनुमान क्षेत्र में बंदरों का आतंक हमले में महिला घायल



**शाजापुर।** फूलखेड़ी हनुमान मंदिर क्षेत्र में इन दिनों बंदरों ने आतंक मचा रखा है और वह मंदिर आने जाने वाले लोगों पर हमला कर उन्हे घायल कर रहे हैं। हाल ही बंदरों के हमले से एक महिला घायल हो गई। जानकारी के अनुसार शनिवार सुबह करीब 8.30 बजे फूलखेड़ी हनुमान मंदिर के पास पप्पू सेन नामक महिला पर बंदर ने हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गई। घटना के बाद परिजन तत्काल महिला को उपचार के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे। महिला के परिजनों का कहना है कि मंदिर के आसपास बंदर हर दिन तांडव मचा रहे हैं और आए दिन लोगों पर हमला कर परेशान कर रहे हैं। सबसे ज्यादा खतरा मंदिर पहुंचने वाली महिलाओं और बच्चों को है।

**उज्जैन के उर्दूपुरा में जर्जर मकान तोड़ने के दौरान बड़ा हादसा**

# मलबे में दबे तीन मजदूर, बाल-बाल बची जान

**नईदुनिया प्रतिनिधि, उज्जैन :** पुराने शहर के घनी आबादी वाले उर्दूपुरा क्षेत्र की रस्सी गली में एक पुराने जर्जर मकान को तोड़ने के दौरान अचानक दीवार भरभराकर ढह गई। कमल सांखला के इस मकान का लगभग 70 फीसदी हिस्सा पहले ही गिराया जा चुका था, और शेष बचे हिस्से को तोड़ने का काम किया जा रहा था। इसी दौरान यह हादसा हुआ, जिसकी चपेट में आने से तीन मजदूर मलबे में दब गए। स्थानीय लोगों की मुस्तैदी और शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी की सूझबूझ से तीनों घायलों को तुरंत मलबे से बाहर निकालकर जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया, जहां उनकी स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है।

उज्जैन के उर्दूपुरा स्थित रस्सी गली में रविवार को एक बड़ा हादसा टल गया। यहाँ कमल सांखला के पुराने मकान को गिराए जाने का काम चल रहा था। जानकारी के अनुसार, इस मकान का लगभग 70 प्रतिशत हिस्सा पहले ही तोड़ा जा चुका था और बाकी बचे हिस्से को गिराने की प्रक्रिया के दौरान अचानक यह दुर्घटना घटित हुई। शेष हिस्सा गिरने से वहाँ काम कर रहे तीन मजदूर मलबे की चपेट में आकर दब गए, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

घटना की भनक लगते ही आसपास के रहवासी तुरंत अपनी जान की परवाह किए बिना मौके पर दौड़े और त्वरित राहत कार्य शुरू करते हुए मलबे में दबे मजदूरों को बाहर निकाला।







### शहर कांग्रेस अध्यक्ष अस्पताल लेकर पहुँचे

खास बात यह है कि जिस जर्जर मकान को तोड़ा जा रहा था, उसके ठीक सामने शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी का निवास है। घटना के वक्त वे अपने घर पर ही मौजूद थे। जैसे ही दीवार गिरने की आवाज और चीख-पुकार उन्होंने सुनी, वे तुरंत मौके पर पहुंचे। बिना एक पल गंवाए उन्होंने खुद मोर्चा संभाला और घायलों को अपनी गाड़ी में बैठाकर जिला चिकित्सालय ले गए, जहाँ डॉक्टरों की देखरेख में उनका तुरंत उपचार शुरू कराया गया।

### प्रशासनिक अमले और नगर निगम की हलचल

हादसे की खबर मिलते ही स्थानीय प्रशासन और पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। पुलिस बल तुरंत जिला चिकित्सालय पहुँचा और स्थिति का जायजा लिया। वहीं, दूसरी ओर नगर निगम की टीम भी तत्काल घटनास्थल पर पहुँची और मामले की जाँच शुरू कर दी। पुराने मकानों को तोड़ने के दौरान सुरक्षा मानकों की अनदेखी को लेकर अब स्थानीय स्तर पर कई सवाल भी उठने लगे हैं।

### कांग्रेस अध्यक्ष ने घायलों को पहुंचाया अस्पताल

इस पूरे घटनाक्रम में सबसे बड़ा इत्तेफाक यह रहा कि दुर्घटनाग्रस्त मकान के ठीक सामने शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी का घर है। घटना के समय वे घर पर ही थे और उन्होंने तत्परता दिखाते हुए खुद आगे आकर घायलों को अस्पताल पहुँचाया, जिसकी चर्चा पूरे इलाके में हो रही है।

### जिला अस्पताल में चल रहा इलाज



हादसे के तुरंत बाद घायलों को जिला चिकित्सालय लाया गया, जहाँ उनके हाथ, पैरों और कमर में आई चोटों का इलाज शुरू किया गया। डॉक्टरों के अनुसार समय पर इलाज मिलने से तीनों की जान बच गई और फिलहाल सभी की स्थिति पूरी तरह खतरे से बाहर है।

### सुरक्षित बाहर निकाला

तोड़े जा रहे पुराने मकान के मलबे के नीचे दबने से दो पुरुष और एक महिला मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए। गनीमत रही कि स्थानीय रहवासियों ने तुरंत राहत कार्य करते हुए उन्हें सुरक्षित बाहर निकाल लिया, वरना बड़ा जनहानि हो सकती थी।

### घायलों में दो पुरुष और एक महिला शामिल, सभी खतरे से बाहर

जिला चिकित्सालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, इस हादसे में कुल तीन मजदूर घायल हुए हैं, जिनमें दो पुरुष और एक महिला शामिल हैं। इन सभी को हाथ, पैर और कमर में गंभीर चोटें आई हैं। गनीमत यह रही कि समय रहते इन्हें अस्पताल पहुँचा दिया गया, जिससे प्राथमिक उपचार के बाद तीनों की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। डॉक्टर उनकी लगातार निगरानी कर रहे हैं।

### गणेशोत्सव की तैयारियां तेज, तीन दर्जन स्थानों पर सजेंगे पंडाल

**बरेली।** सावन और भादौ के धार्मिक पर्वों के बाद अब नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में गणेशोत्सव की तैयारियां जोर पकड़ने लगी हैं। गणेश चतुर्थी बुधवार को होने के साथ ही दस दिवसीय गणेशोत्सव की शुरुआत होगी। नगर में करीब तीन दर्जन से अधिक स्थानों पर भगवान श्रीगणेश की प्रतिमाएं स्थापित कर आकर्षक झांकियां और पंडाल सजाने की तैयारियां की जा रही हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में भी गणेशोत्सव समितियां आयोजन को अंतिम रूप देने में जुटी हैं।

प्रतिमा निर्माण में जुटे मूर्तिकार गणेशोत्सव को लेकर स्थानीय और बाहर से आए मूर्तिकार भगवान श्रीगणेश की छोटी-बड़ी प्रतिमाएं तैयार करने में व्यस्त हैं। विभिन्न समितियों ने अपनी पसंद के आकार और स्वरूप की प्रतिमाओं के लिए पहले ही आदेश दिए हैं। प्रतिमाओं को आकर्षक रूप देने के लिए मूर्तिकार दिन-रात मेहनत कर रहे हैं।

**पंडालों को दिया जा रहा अंतिम रूप :** नगर के विभिन्न मोहल्लों और कॉलोनियों में समितियों ने पंडाल निर्माण शुरू कर दिया है। कई स्थानों पर पंडाल तैयार हो चुके हैं, जबकि अन्य जगह विद्युत सजावट और झांकियों की रूपरेखा तैयार की जा रही है। गणेशोत्सव के दौरान प्रतिदिन भगवान श्रीगणेश की आरती, धार्मिक आयोजन और प्रसादी वितरण के साथ विभिन्न सांस्कृतिक एवं धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### अनोखीलाल मालवीय बने भोपाल लोस प्रभारी संजीव बौद्ध को विदिशा की जिम्मेदारी



**नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोर :** बहुजन समाज पार्टी के राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व द्वारा संगठन में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपते हुए अनोखीलाल मालवीय को भोपाल लोकसभा प्रभारी तथा संजीव बौद्ध को विदिशा लोकसभा प्रभारी नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति पर पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

पार्टी नेतृत्व ने दोनों पदाधिकारियों की संगठन के प्रति निष्ठा, मेहनत और समर्पण को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। कार्यकर्ताओं ने विश्वास जताया कि अनोखीलाल मालवीय एवं संजीव बौद्ध अपने अनुभव और कुशल नेतृत्व के माध्यम से संबंधित लोकसभा क्षेत्रों में पार्टी संगठन को और अधिक मजबूत करेंगे तथा बहुजन समाज पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे।

लोकसभा प्रभारी के रूप में दोनों नेताओं के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं को संगठित करते हुए संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने तथा बहुजन समाज के अधिकारों एवं सम्मान की आवाज को मजबूती से उठाने की दिशा में कार्य किया जाएगा।

### विश्व प्राथमिक चिकित्सा दिवस पर नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर

**सीहोर।** विश्व प्राथमिक चिकित्सा दिवस के अवसर पर शहर के सैकड़ाखेड़ी स्थित संकल्प वृद्धाश्रम एवं नशा मुक्ति केंद्र में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संकल्प नशा मुक्ति केंद्र, रेडक्रास एवं जिला अस्पताल के सहयोग से आयोजित शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लिया। इस दौरान दो दर्जन से अधिक वृद्धजनों की शुगर, बीपी, आंखों सहित अन्य स्वास्थ्य जांचें की गईं, जबकि 100 से अधिक लोगों को दवाइयां उपलब्ध कराकर उपचार किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में केंद्र के संचालक राहुल सिंह, संस्कार मंच के संयोजक जितेन्द्र तिवारी एवं सनातन सेना के प्रदेश सचिव पवन केवट सहित अन्य लोगों ने जिला अस्पताल में पदस्थ वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. आरके वर्मा, डॉ. सुनील मीना, रेडक्रास एसोसिएशन के सचिव विपुल चांडक एवं मेडिकल स्टाफ के चेतन वर्मा का स्वागत किया।

## शांति समिति की बैठक संपन्न



**नईदुनिया प्रतिनिधि,गंजबासौदा :** अनुविभागीय अधिकारी अनुभा जैन की अध्यक्षता में संपन्न शांति समिति की बैठक में निकट भविष्य में आने वाले त्योहारों पर विस्तार से चर्चा हुई खास तौर पर गणपति महोत्सव का पर्व शुरू हो रहा है।

उपस्थित सदस्यों ने विद्युत मंडल की कार्य प्रणाली को लेकर भारी असंतोष जताया विद्युत मंडल के नवागंतुक अधिकारी सहायक यंत्री श्री लोधी ने विस्तार से विभागीय कार्य की समीक्षा की इसी दरमियान सदस्यों ने नगरी क्षेत्र में आवारा मवेशियों के विचरण करने पर ट्रैफिक अव्यवस्था को लेकर चिंता जताई इसी क्रम में मोटरसाइकिलों में आतिशबाजी प्रेशर हॉर्न और कर्कश तथा चौंकाने वाली आवाजें तथा कई अन्य आपत्तिजनक हार्न की शिकायतें सदस्यों द्वारा की गई मवेशियों को गौशालाओं में स्थान न मिलने की वजह से सड़कों पर विचरण होना बताया इस संबंध में लोगों का कहना था कि दूरदराज क्षेत्रों की गौशालाएं में काफी स्थान है जहां गोवंश को रखा जा सकता है लेकिन बताया जाता है कि उन गौशालाओं से गोवंश रात्रि को या सुबह उसमें से निकाल देते हैं इस बात पर सत्यता परखने सदस्यों ने कहा कि सभी जगह कैमरे लगाए जाएं जिससे हकीकत सामने आती रहेगी बैठक में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस शिखा भलावी तहसीलदार अतुल श्रीवास्तव नगर निरीक्षक संजय बेदिया देहात थाना प्रभारी श्री सिंह नगर पालिका सीएमओ श्री वर्मा चिकित्सालय प्रभारी डॉक्टर चिढार आदि सहित शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे और सभी ने त्योहार को परंपरागत तरीके से मनाऐ मनाए जाने की तैयारी को लेकर निर्णय लिए सदस्यों ने नगर में रात्रि कालीन समय में भारी वाहनों के प्रवेश पर समय निश्चित करने का कहा ।

### छात्रों की गूंज कार्यक्रम को लेकर कांग्रेस की बैठक संपन्न




**बरेली।** नगर के हेरिटेज होटल में जिला कांग्रेस कमेटी रायसेन, जिला समन्वय समिति एवं विभिन्न कांग्रेस संगठनों के पदाधिकारियों की बैठक हुई। बैठक में आगामी 19 सितंबर को इंदौर में आयोजित होने वाले ''छात्रों की गूंज'' कार्यक्रम में जिले से अधिक से अधिक युवाओं की सहभागिता सुनिश्चित करने तथा ऑनलाइन पंजीयन कराने को लेकर चर्चा की गई।

बैठक में सिलवानी विधायक देवेंद्र पटेल, संगठन प्रभारी शैलेंद्र सिंह पटेल, पूर्व विधायक देवेंद्र सिंह पटेल गड़रवास, पूर्व विधायक भगवान सिंह राजपूत, डॉ. सीपी गौतम, कांग्रेस प्रवक्ता जितेंद्र मिश्रा, डॉ. देवेंद्र धाकड़, राजीव पालीवाल, मेघराज सिंह चौहान, ताराचंद साहू, भूपेंद्र सिंह चौधरी, कविंद्र सिंह रघुवंशी विजय रजौरे, , ब्लॉक अध्यक्ष कौशलेंद्र सिंह चौधरी, युवा नेता युद्धवीर सिंह पटेल,राजेश खटीक, अमित राय,ज्ञानेन्द्र सिंह राजपूत, नगर अध्यक्ष नीलेश शर्मा सहित जिलेभर के कांग्रेस नेता एवं विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी मौजूद रहे।

### कर्मचारियों ने विधायक को सौंपा ज्ञापन

**शाजापुर।** अपनी दो सूत्रीय मांगों को लेकर लिपिक वर्ग के कर्मचारियों ने मध्य प्रदेश लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ के बैनरतले शनिवार को विधायक अरुण भीमावद को मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई कि लिपिकों को मंत्रालय के लिपिकों के बराबर समयमान वेतनमान और ग्रेड-पे दिया जाए।

**संचालनालय राष्ट्रीय कैडेट कोर (राज्य कोष्ठ) मध्यप्रदेश पी-77 सुल्तानियां इंफेन्ट्री लाईन भोपाल (दूरभाष 0755-2926566)**

संचालनालय राष्ट्रीय कैडेट कोर (राज्य कोष्ठ) मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा शिविर फर्नीचर क्रय हेतु जेम पोर्टल पर निविदा क्रमांक GEM/2026/B/8003284 आयोजित की गई है। इच्छुक संस्थायें जेम की शर्तों के अनुसार उक्त निविदा में सम्मिलित हो सकते हैं।

**संयुक्त संचालक (राज्य)**
**संचालनालय राष्ट्रीय कैडेट कोर म.प्र.**

**जी-18473/26**

## 50 से अधिक ठेकेदारों की मौजूदगी में नई कार्यकारिणी गठित

### भुगतान में देरी और प्रशासनिक अड़चनों के समाधान को लेकर एकजुट होकर काम करने का संकल्प



**नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोर :** जिले में लंबे समय से निष्क्रिय पड़े शासकीय ठेकेदार संगठन को फिर से सक्रिय करने के उद्देश्य से शासकीय ठेकेदार जिला महासंघ का गठन किया गया है। शनिवार को शहर के वल्लभ कृपा होटल में आयोजित बैठक में जिलेभर से 50 से अधिक ठेकेदार शामिल हुए।

बैठक में सर्वसम्मति से वरिष्ठ समाजसेवी एवं ठेकेदार रविन्द्र यादव को महासंघ का अध्यक्ष चुना गया। इस दौरान नई कार्यकारिणी का गठन करते हुए ठेकेदारों की समस्याओं को एकजुट होकर उठाने और उनके समयबद्ध समाधान के लिए कार्य करने का निर्णय लिया गया। बैठक में शासकीय कार्यों को निर्धारित समयसीमा में पूरी गुणवत्ता के साथ पूरा करने, प्रशासन एवं संबंधित विभागों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने तथा ठेकेदारों के सामने आने वाली व्यावहारिक समस्याओं को उचित मंच पर उठाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

**ठेकेदारों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान प्राथमिकता :** महासंघ के नवनियुक्त अध्यक्ष रविन्द्र यादव ने कहा कि ठेकेदारों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान महासंघ की सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी। संगठन प्रशासन और संबंधित विभागों के साथ समन्वय बनाकर ठेकेदारों के हित में कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि ठेकेदार केवल निर्माण कार्य करने वाला वर्ग नहीं है, बल्कि जिले के विकास में उसकी महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि भुगतान में देरी, कार्यस्थलों पर सुरक्षा की कमी, प्रशासनिक अड़चनें और नियमों से जुड़ी समस्याओं को प्रमुखता से संबंधित अधिकारियों और सरकार के समक्ष रखा जाएगा। जायज समस्याओं के निराकरण के लिए सभी ठेकेदार एकजुट होकर प्रयास करेंगे।

**समाजसेवा के क्षेत्र में भी योगदान देगा महासंघ :** बैठक में महासंघ को सामाजिक सरोकारों से जोड़ने पर भी चर्चा हुई। निर्णय लिया गया कि ठेकेदारों के हितों की आवाज उठाने के साथ महासंघ रक्तदान शिविर, आपदा राहत, गरीब एवं जरूरतमंदों की सहायता सहित अन्य सामाजिक कार्यों में भी अपनी भूमिका निभाएगा। महासंघ के पदाधिकारियों ने कहा कि ठेकेदार समाज के विकास में केवल सड़क, भवन और अन्य निर्माण कार्यों के माध्यम से योगदान नहीं देता, बल्कि सामाजिक कल्याण के कार्यों में भी सक्रिय भागीदारी निभा सकता है। इसी उद्देश्य से आने वाले समय में सेवा गतिविधियों की रूपरेखा तैयार की जाएगी।

**सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन:** बैठक में महासंघ की नई कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन किया गया। इसमें रविन्द्र यादव अध्यक्ष, जेपी शर्मा कार्यकारी अध्यक्ष, उमेश अग्रवाल एवं तेज सिंह ठाकुर उपाध्यक्ष, भारत गुप्ता सचिव, रवि यादव सह सचिव, अजय जैन कोषाध्यक्ष, आभास कासट सह कोषाध्यक्ष, रजनीश यादव प्रवक्ता, भारत पुरोहित सह प्रवक्ता तथा अमजद खान को कार्यकारी सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने संगठन को मजबूत बनाने, जिलेभर के ठेकेदारों को एक मंच पर लाने और सामूहिक हित के मुद्दों पर सक्रियता से कार्य करने का संकल्प लिया।

**नियमित बैठकें होंगी, जरूरत पर प्रशासन को सौंपेंगे ज्ञापन:** महासंघ के सचिव भारत गुप्ता ने कहा कि संगठन की गतिविधियों को नियमित रूप से संचालित किया जाएगा।

समय-समय पर बैठकें आयोजित कर ठेकेदारों की समस्याओं पर चर्चा की जाएगी। आवश्यकता पड़ने पर संबंधित विभागों एवं प्रशासन के अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के निराकरण की मांग की जाएगी। उन्होंने कहा कि महासंघ और प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने का प्रयास रहेगा, ताकि विकास कार्यों में आने वाली व्यवहारिक समस्याओं का समाधान संवाद के माध्यम से किया जा सके।

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकारा श्रीमती रीना गुप्ता (कामरिया) पत्नी श्री संदीप गुप्ता आयु वयस्क निवासी :- 150/2 एम सेक्टर निर्मला देवी रोड राजहर्ष कॉलोनी कोलार रोड भोपाल म.प्र.. के स्वत्व, स्वामित्व व अधिपत्य का एक फार्म लेण्ड कमांक 13 स्थित भूमि खसरा क्रमांक 368 ग्राम बैरागढ चीचली जिसका साईज 2210 वर्गफिट भूमि है जिसे उसके द्वारा कु. प्रिया कुकरेजा एंव प्रमिला मेहता द्वारा मुख्ताआम 1. अरविंद त्रिपाठी पुत्र श्री एल.एन. त्रिपाठी 2. मोहम्मद अकरम पुत्र मकबूल अहमद से रजिस्टर्ड विक्रय पत्र के माध्यम से दिनांक 22/09/2017 को क्रय की गई थी। एंव प्रिया कुकरेजा व प्रमिला मेहता के द्वारा उक्त भूमि श्रीमती जानकी बाई पत्नी स्व.श्री शिवचरण, विष्णु मीना पिता स्व.श्री शिवचरण व अन्य से रजिस्टर्ड विक्रय पत्र ग्रंथ कमांक ए-1 पुस्तक क्रमांक 32207 पृष्ठ क्रमांक 66-73 पर क्रमांक 2564 पर दिनांक 16/11/2009 में क्रय किया गया था उक्त चैन मूल रजिस्ट्री कहीं खो गई है जो कि काफी ढुढने के पश्चात भी नही मिली है मेरी पक्षकारा ने उक्त मूल रजिस्ट्री को कही भी रहन, गिरवी, विक्रय अथवा किसी व्यक्ति संस्था या किसी भी बैंक से लोन इत्यादी नही लिया गया है और न ही उपरोक्त रजिस्ट्री का दुरूपयोग किया गया है, यदि किसी भी व्यक्ति को उपरोक्त मूल रजिस्ट्री मिलती है तो वह 07 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में सम्पर्क करे।

**RAKESH KUMAR VERMA, (Advocate)**
office:shop no.13 Siddhi Complex VinitKunj, Akabarpur, kolar Road, Bhopal Mob-9827045020

1610

**शासकीय मुद्रण कर्मचारी ग्रह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित भोपाल**
**पंजीयन क्रमांक : डी. आर. बी 430 दिनांक 16.10.1984 कार्यालय पता :-प्रेस कॉलोनी, आनंद नगर, भोपाल (मध्य प्रदेश)**

**क्रमांक :-Q9** **दिनांक :-12/09/2026**

**विषय :- वार्षिक साधारण आम सभा की सूचना**

**महोदय,** संस्था के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है की वार्षिक साधारण आम सभा दिनांक -27/09/2026 दिन- रविवार को प्रात: 11:00 बजे संस्था के भूस्थल पार्क आनंद नगर प्रेस कॉलोनी भोपाल में आयोजित की गई है। अत: निश्चित समय एवं दिनांक को आम सभा में सम्मिलित होने का कष्ट करें। **आम सभा के विचारणीय बिंद** 1. वर्ष 2025-2026 के वित्तीय पत्रक का अनुमोदन बाबत । 2. वर्ष 2026-2027 का अनुमानित बजट के अनुमोदन बाबत । 3. वर्ष 2025-2026 के लिए अंकेक्षण की नियुक्ति पर नितार बाबत। 4. स्पटिक टंकी की ऊंचाई, चौड़ाई एवं लंबाई बढ़ाना जिसे भविष्य के हिसाब से पुन: निर्माण करवाना हेतु। 5. मकान नंबर 01 से मकान नंबर 14 तक नई वाटर पाइप लाइन सप्लाई के लिए बिछावन एवं नई नाली निर्माण हेतु। 6. कॉलोनी में जहां-जहां पेवर ब्लॉक लगाना शेष है उन्हें लगाना। 7. मंदिर परिसर की शेष बाउंड्री वॉल को पूर्ण करना। 8. सामुदायिक भवन, ऑफिस कार्यालय एवं पंप हाउस के जर्जर भवन का पुनर्निर्माण हेतु। 9. पार्क परिसर में सोलर पैनल लगवाने हेतु। 10. बार-बार विद्युत सप्लाई में बाधा आने पर पानी सप्लाई घरों में नहीं पहुंच पाती इस हेतु जनरेटर क्रय करने हेतु। 11. अन्य सुझाव के लिए समस्त सदस्यों से सुझाव आमंत्रित हैं। **टिप** 1. यदि आमसभा के लिए निर्धारित समय से आधा घंटा के भीतर गणपूर्ति नहीं हुई तो पुन: आधा घंटा पश्चात आमसभा प्रारंभ की जाएगी। 2. अन्य विषय हेतु आवेदन पत्र एक सप्ताह पूर्व संस्था के अध्यक्ष को प्रस्तुत करें।

**अशोक कुमार राय**
**अध्यक्ष**

1609

**विवाधको के स्थिरीकरण के लिए समन**
**(आदेश 5 का नियम 20 व्य.प्र. सं.)**
**न्यायालय श्रीमान पंचम व्यवहार न्यायाधीश महोदय, वरिष्ठ खण्ड, भोपाल**
**(पीठासीन अधिकारी श्रीमती मेघा अग्रवाल )**

आर.सी.एस.प्रकरण क्रमांक MJC SUC/41/2026
नियत पेशी दिनांक- 16.10.2026

श्रीमती कृष्णा जैन... **आवेदिका ....विरुद्ध....**
मेसर्स जुबिलेंट फारमोवा (M/s JUBILANT PHARMOVA).... **अनावेदकगण**

**प्रति,** मेसर्स जुबिलेट फारथोवा (M/S JUBILANT PHARMOVA) द्वारा प्रबन्धक पंजीकृत कार्यालय - भर्ती अगराम् गजरौला जिला अमरोहा, उत्तर प्रदेश 244223 एवं 2 मेसर्स जुबिलेट फारमोवा (M/s JUBILANT PHARMOVA) द्वारा प्रबन्धक कॉर्पोरेट कार्यालय 1ए सेक्टर 16ए नोयडा जिला नोयडा उत्तरप्रदेश 201020, (3)मेसर्स जुबिलेट इग्रेविआ (M/S JUBILANT INGRAVIA) द्वारा प्रबन्धक पंजीकृत कार्यालय-भर्ती अगराम गजरौला जिला अमराहा, उत्तर प्रदेश 244223 एवं (4)मेसर्स जुबिलेट इग्रेविआ (M/S JUBILANT INGRAVIA) द्वारा प्रबन्धक कॉर्पोरेट कार्यालय 1ए सेक्टर 16ए नोयडा जिला नोयडा उत्तरप्रदेश 201020 (5)मेसर्स जुबिलेट एग्री एण्ड कंस्यूमर प्रोडक्ट्स (M/s JUBILANT AGRI & CONSUMER PRODUCTS) द्वारा प्रबन्धक पंजीकृत कार्यालय- भर्तीअगराम, गजरौला जिला अमरोहा, उत्तर प्रदेश 244223 एवं 6. मेसर्स जुबिलेट एग्री एण्ड कंस्यूमर प्रोडक्ट्स (M/S JUBILANT AGRI & CONSUMER PRODUCTS) द्वारा प्रबन्धक पंजीकृत कार्यालय प्लाट क्रमांक 142 चिम्स, तृतीय तर सेंक्टर 44 गुरुग्राम, हरियाणा 122003 (7) मेसम गुजरात नर्मदावेली फर्टीलाईजर्स एन्ड केमिकल्मा लि. M/S GUJRAT NARMADA VALLEY FERTILIZERS & CHEMICALS LIMITED) द्वारा प्रबन्धक एवं कार्पोरेट कार्यालय नर्मदानगर पोस्ट नर्मदानगर जिला भरूच गुजरात 392015 यह कि श्रीमती कृष्णा जैन पत्नी स्व. श्री एस.के.जैन आयु 70 वर्ष वर्तमान निवासी द्वारा आशीष जैन भवन क्रमांक 8394, सी-8, वसन्त कुंज, पोस्ट वसन्त कुंज, साउथ वेस्ट दिल्ली, दिल्ली, 110070 ने आपके विरुद्ध उत्तराधिकार प्रमाण पत्र वास्ते वाद संस्थित किया है। आपको इस न्यायालय में दिनांक 16.10.2026 को दिन के ठीक 11.00 बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात/हाजिर होने के लिये समन किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है जिसे सम्यक अनुदेश दिये गए हो और जो इस वाद से संबंधित सभी सारवान प्रश्नो का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन दाखिल करे और उस दिन ऐसे सब दस्तावेजो को जो आपके कब्जे या शक्ति एवं समर्थन मे दस्तावेज भी प्रस्तुत करे जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है। और यदि किसी अन्य दस्तावेज पर, चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो या न हो, पेश करे जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है। और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर, चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति मे हो या न हो. अपनी प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो आप ऐसे दस्तावेजो को लिखित कथन के साथ उपबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करे। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय मे उपसंजात नही होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा। यदि उक्त तारीख को अवकाश घोषित हो जाता है या किसी कारण से न्यायालय बन्द रहता है अथवा पीठासीन अधिकारी महोदय अवकाश पर रहते है तो प्रकरण आगामी कार्य दिवस मे सुनवाई पर लिया जावेगा । आज दिनांक 12/09/26 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुदा लगाकरण दिया गया।

**श्रीमती मेघा अग्रवाल**
**पंचम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड भोपाल**

1608